>

Title: Regarding giving compensation to farmers for damage of crops due to unseasonal rains and hailstorm in Betul, Madhya Pradesh.

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): अध्यक्ष महोदय, आपको धन्यवाद, आपने बड़ी कृपा की महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र के किसानों की आवाज को सरकार तक पहुंचाना चाहता हूं । चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र में चित्तौड़, प्रतापगढ़ और उदयपुर जिला आता है । बारिश के मौसम में ओलावृष्टि के कारण वर्ष 2019 में कोई महीना ऐसा नहीं बचा, जिसमें बारिश नहीं हुई । राजस्थान सरकार का जो राज्यांश है, जो स्टेट का शेयर है, उसमें उन्हें लगभग 1200 करोड़ रुपये देना है, मगर अभी विधान सभा में हंगामा होने के कारण उन्होंने केवल 50 करोड़ रुपये प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना में दिये हैं और 1150 करोड़ रुपये अभी बाकी हैं ।

महोदय, प्रतापगढ़ में आज किसान परेशान हैं । वहां 130 इंच बारिश हुई और उसमें वहां की सारी फसलें खत्म हो गईं । इसलिए राज्य का जो शेयर है, अगर वह जल्दी मिल जाएगा तो स्टेट के पैसे आते ही केन्द्र सरकार दो दिनों के अन्दर प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना में अपने पैसे जमा कर देती है । अगर राज्य सरकार वह पैसा जल्दी जमा कर देगी तो वहां के किसानों को इसका फायदा मिलेगा ।